प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 23.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की फाइल दूसरी बार लौटाई; दागी चेहरों के चयन पर उठाया सवाल।
2. देशव्यापी पोषण पखवाड़े का आज आखिरी दिन; झारखंड सहित देशभर में अब तक करीब 5 करोड़ जागरूकता गतिविधियां आयोजित।
3. भाजपा ने राज्य सरकार पर कोषागारों से अवैध निकासी मामले की जांच में सुस्ती का लगाया आरोप, सीबीआई जांच की मांग दोहरायी।
4. रांची में अब से थोड़ी ही देर बाद पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता पर अहम प्रेस वार्ता; नामकोम डिपो में सरकार और तेल कंपनियां साझा करेंगी जानकारी।
5. पाकुड़ सहित पूरे राज्य में 1857 के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती की धूम; शहीद तेलंगा खड़िया को भी किया जा रहा है नमन।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्य सरकार द्वारा सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित भेजी गई फाइल को दूसरी बार वापस कर दिया है। राज्यपाल ने आपराधिक मुकदमे वाले व्यक्तियों को आयुक्त बनाए जाने पर ऐतराज जताया है।

****

देशभर में आयोजित 8वें पोषण पखवाड़े का आज समापन हो रहा है। नौ से 23 अप्रैल तक चले इस अभियान के तहत अब तक चार करोड़ 79 लाख से अधिक गतिविधियां आयोजित की जा चुकी हैं। इसके तहत मातृ–शिशु पोषण, खेल आधारित शिक्षा और बच्चों के स्क्रीन टाइम को कम करने जैसे पांच प्रमुख विषयों पर जन–जागरूकता अभियान चलाया गया।

****

भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने कोषागार घोटाला मामले की जांच को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच के आदेश के पांच दिन बीत जाने के बाद भी वित्त विभाग ने अब तक संबंधित फाइलें सीआईडी को नहीं सौंपी हैं। श्री मरांडी ने आशंका जताई है कि दस्तावेजों में देरी से जांच प्रभावित हो सकती है। इस बीच पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. रविंद्र राय ने पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने मांग की है।

****

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई कथित विवादित टिप्पणी पर भाजपा ने तीखा हमला बोला है। रांची में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने खड़गे के बयान को मर्यादाहीन बताते हुए उनसे देश की जनता से माफी मांगने की मांग की है।

****

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग यानी एनएचआरसी की टीम रांची के विभिन्न विश्वविद्यालयों का दौरा कर रही है। इस दौरान टीम छात्रों और प्रबंधन से संवाद कर लाइब्रेरी, छात्रावास और सुरक्षा मानकों का जायजा ले रही है। मावनाधिकार आयोग के मॉनिटर प्रोफेसर डा. कन्हैया त्रिपाठी ने बताया कि विश्वविद्यालयों में मानव अधिकारों के अनुपालन और शैक्षणिक सुविधाओं की जांच की जा रही है।

****

रांची में आज झारखंड के पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और उपलब्धता को लेकर एक अहम प्रेस वार्ता आयोजित की गई है। नामकुम स्थित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के कार्यालय में अब से थोड़ी देर बाद होने वाली इस बैठक में पीआईबी, जिला प्रशासन और तेल कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस दौरान राज्य में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की वर्तमान स्थिति और आपूर्ति श्रृंखला पर विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

****

गिरिडीह पुलिस और सीआरपीएफ ने पारसनाथ के पहाड़ी इलाके में एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। कानीडीह चतरों के जोकाई नाला के पास चलाए गए सर्च ऑपरेशन में उग्रवादियों द्वारा छिपाए गए 64 बंडल कोडेक्स वायर बरामद किए गए हैं। एएसपी अभियान सुरजीत कुमार ने बताया कि हाल ही में

हजारीबाग मुठभेड़ में मारे गए उग्रवादियों के साथियों ने किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए यै विस्फोटक छिपाए थे।

****

राजधानी रांची की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन ने आज कचहरी से रातू रोड चौक तक विशेष अभियान चलाया। ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह और नगर निगम के अधिकारियों ने सड़क पर उतरकर अतिक्रमण की समीक्षा की। ट्रैफिक एसपी ने कहा कि अतिक्रमण हटने से इस व्यस्त मार्ग पर रोजाना लगने वाले जाम से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

****

राज्य भर में आज महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर पाकुड़ जिला मुख्यालय स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर नगर परिषद के प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने वीर कुंवर सिंह के अदम्य साहस और 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अविस्मरणीय योगदान को याद किया।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज वीर शहीद तेलंगा खड़िया के शहादत दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद तेलंगा खड़िया का जीवन जल, जंगल, जमीन के अधिकार और आदिवासी स्वाभिमान की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने तेलंगा खड़िया को अन्याय के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनके आदर्श आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

****

आज सुबह के सत्र में घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक लगभग एक प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स 752 अंक गिरकर 77 हजार 764 पर आ गया, जबकि निफ्टी 191 अंक गिरकर 24 हजार 187 पर पहुंच गया।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 41 हजार 300 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 56 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

राज्य में भीषण गर्मी झेल रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। मौसम विभाग के अनुसार, कल से राज्य के मौसम में बड़ा बदलाव होने वाला है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कल पूर्वी इलाकों में बादल छाएंगे, वहीं 25 और 26 अप्रैल को राजधानी रांची सहित मध्य और दक्षिणी हिस्सों में गरज के साथ बारिश की संभावना है।

****